अन्वयार्थः—(**जेण**=येन) जिस (**चेदणभावेण**=चेतनभावेन) चैतन्यभावसे (**कम्मं**=कर्म) कर्म (**बज्झदि**=बध्यते) बधता है अर्थात् आत्माके प्रदेशोंमें चिपट जाता है (**सो**=सः) वह परिणाम (**भावबंधो**=भावबन्धः) भावबन्ध है (**दु**=तु) और (**कम्मादपदेसाणं**=कर्मात्मप्रदेशानाम्) कर्म और आत्माके प्रदेशोंका (**अण्णोण्णपवेसणं**=अन्योऽन्यप्रवेशनम्) परस्पर एक क्षेत्रावगाह अर्थात् एकमेक हो जाना सो (**इदरो**=इतरः) दूसरा द्रव्यबन्ध है ३२

३२ मराठीः—आत्म्याच्या ज्या परिणामानें कर्मांचा बंध होतो त्या परिणामास भावबंध ह्मणतात. आणि कर्म व आत्मा यांचे प्रदेश परस्परांत प्रवेश करितात, त्याला इतर ह्मणजे द्रव्यबंध ह्मणतात.

बन्धके भेद और उनके कारण.

पयडिट्ठिदिअणुभागप्पदेसभेदा दु चदुविधो बंधो।
जोगा पयडिपदेसा ठिदिअणुभागा कसायदो होंति॥

प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशभेदात् तु चतुर्विधः बन्धः।
योगात् प्रकृतिप्रदेशौः स्थित्यनुभागौ कषायतः भवन्ति॥ ३३॥

अन्वयार्थ—(**बंधो**=बन्धः) बन्ध (**पयडिट्ठिदिअणुभागप्पदेसभेदा**=प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशभेदात्) प्रकृति स्थिति अनुभाग और प्रदेशके भेदसे (**चदुविधो**=चतुर्विधः) चार प्रकारका है उ-

नमेंसे (**पयडिपदेसा दु**=प्रकृतिप्रदेशौ तु) प्रकृतिबन्ध और प्रदेशबन्ध तो (**जोगा**=योगात्) मन वचन कायके योगसे (**होंति**=भवन्ति) होते हैं और (**ठिदिअणुभागा**=स्थित्यनुभागौ) स्थितिबन्ध और अनुभागबन्ध (**कसायदो**=कषायतः) कषायोंसे होते हैं॥३३॥

३३ मराठीः–प्रकृति, स्थिति, अनुभाग आणि प्रदेश अशा भेदानें बंध चार प्रकारचा आहे. त्यापैकीं प्रकृति आणि प्रदेश हे दोन बंध मन, वचन आणि काय यांच्या योगापासून होतात; आणि स्थिति व अनुभाग हे दोन बंध-कषायापासून होतात.

भावसंवर और द्रव्यसंवरका लक्षण.

चेदणपरिणामो जो कम्मस्सासवणिरोहणे हेऊ।
सो भावसंवरो खलु दव्वासवरोहणो अण्णो ॥३४॥

चेतनपरिणामः यः कर्म्मणः आस्रवनिरोधने हेतुः।
सः भावसंवरः खलु द्रव्यास्रवरोधनः अन्यः॥ ३४॥

अन्वयार्थ–(**जो**=यः) जो (**चेदणपरिणामो**=चेतनापरिणामः) आत्माका भाव (**कम्मस्स**=कर्मणः) कर्मोंके (**आसवणिरोहणे**=आस्रवनिरोधने) आस्रवके रोकनेमें (**हेदु**=हेतुः) कारण है (**सो**=सः) वह (**भावसंवरो**=भावसंवरः) भावसंवर जानना और (**दव्वासवरोहणो**=द्रव्यास्रवरोधनः) द्रव्यास्रवका अभाव होना सो (**अण्णो**=अन्यः) द्रव्यसंवर है. ॥ ३४ ॥

३४ मराठीः—कर्मांच्या आस्रवाला ह्मणजे नवीन येणाऱ्या कर्माला रोंकण्यास कारण असा जो आत्म्याचा परिणाम तो भावसंवर होय. द्रव्यास्रवाला रोंकणारा (प्रतिबंध करणारा) जो तो द्रव्यसंवर होय.

भावसंवरके भेद.

तवसमिदीगुत्तीओ धम्माणुपिहा परीसहजओ य ।
चारित्तं बहुभेया णायव्वा भावसंवरविसेसा ॥३५॥

तपःसमितिगुप्तयः धर्मानुप्रेक्षाः परीसहजयं च ।
चारित्रं बहुभेदाः ज्ञातव्याः भावसंवरविशेषाः ॥ ३५ ॥

अन्वयार्थ—(**तवसमिदीगुत्तीओ**=तपःसमितिगुप्तयः) बारह प्रकार तप, पांच समिति, तीन गुप्ति (**य**=च) और (**धम्माणुपिहा**=धर्मानुप्रेक्षाः) दशप्रकार धर्म और बारह अनुप्रेक्षा (**परीसहजयो**=परीसहजयः) बाईस परीसहोंका जीतना तथा (**चारित्तं**=चारित्रम्) पांच प्रकारके चारित्र (**भावसंवरविसेसा**=भावसंवरविशेषाः) भावसंवरके विशेष हैं ते (**बहुभेया**=बहुभेदाः) अनेकभेदरूप (**णायव्वा**=ज्ञातव्याः) जानने चाहिये. ॥ ३५ ॥

३५ मराठीः—तप, समिति, गुप्ति, दशधर्म, अनुप्रेक्षा, परिषहांस जिंकणें, पंचमहाव्रतें, वगैरे भावसंवराचे पुष्कळ विशेष भेद आहेत.

निर्जराका लक्षण व भेद.

जहकालेण तवेण य भुत्तरसं कम्मपुग्गलं जेण ।
भावेण सडदि णेया तस्सडणं चेदि णिज्जरा दुविहा ॥

यथाकालेन तपसा च भुक्तरसं कर्मपुद्गलं येन ।
भावेन सडति ज्ञेया तत्सडनं चेति निर्जरा द्विविधा ॥ ३६ ॥

अन्वयार्थ—(**जहकालेण**=यथाकालेन) यथाकालकरके कर्मोंकी स्थिति पूरी होनेपर (**जेण**=येन) जिस (**भावेण**=भावेन) भावकारकें (**य**=च) पुनः (**तवेण**=तपसा) तप करके (**भुत्तरसं**=भुक्तरसं) भोगागया है सुखदुःखरूप फल जिसका ऐसा

(**कम्मपुग्गलं**=कर्म्मपुद्गलं) कर्मरूपी पुद्गल (**सडति**=सडति=सरति) झड़ जाता है सो भावनिर्जरा (**णेया**=ज्ञेया) जाननी (**च**=च) और (**तस्सडणं**=तत्सडनं) उस कर्मका झड़ना सो द्रव्यनिर्जरा जाननी (**इदि**=इति) इसप्रकार (**दुविहा**=द्विविधा) दो तरहँकी (**णिज्जरा**=निर्जरा) निर्जरा है ॥ ३६ ॥

३६ मराठीः—योग्य कालानें अथवा तपश्चर्येनें ज्यांतला रस ह्मणजे शक्ति किंवा सुखदुःखानुभव अनुभविला गेला आहे असें जें कर्मपुद्गल, तें जेणेंकरून झडून जातें, ती भावनिर्जरा होय आणि त्या कर्माचें जें गळणें ह्मणजे कर्म गळून जाणें याला द्रव्यनिर्जरा ह्मणतात- याप्रमाणें निर्जरा दोन प्रकारची जाणावी.

मोक्षके लक्षण और भेद.

सव्वस्स कम्मणो जो खयहेदू अप्पणो क्खु परिणामो।
णेओ स भावमोक्खो दव्वविमोक्खोयकम्मपुधभावो

सर्वस्य कर्मणः यः क्षयहेतुः आत्मनः खलु परिणामः ।
ज्ञेयः सः भावमोक्षः द्रव्यविमोक्षः च कर्मपृथग्भावः ॥ ३७ ॥

अन्वयार्थ—(**क्खु**=खलु) निश्चयकर (**जो**=यः) जो (**अप्पणो**=आत्मनः) आत्माका (**परिणामो**=परिणामः) भाव (**सव्वस्स**=सर्वस्य) समस्त (**कम्मणो**=कर्मणः) कर्मके (**खयहेदू**=क्षयहेतुः) क्षय होनेका कारण है (**स**=सः) सो (**भावमोक्खो**=भावमोक्षः) भाव मोक्ष है (**य**=च) और (**कम्मपुधभावो**=कर्मपृथग्भावः) द्रव्यकर्मोंका आत्मासे अलग हो जाना है सो (**दव्वविमोक्खो**=द्रव्यविमोक्षः) द्रव्यमोक्ष(**णेओ**=ज्ञेयः)जानना चाहिये ३७

३७ मराठीः—सगळया कर्मांचा नाश होण्यास कारण असा जो आत्म्याचा परिणाम तो भावमोक्ष जाणावा. व कर्मांपासून आत्म्याचा जो पृथग्भाव तो द्रव्यमोक्ष होय.

पुण्य और पापका वर्णन.

सुहअसुहभावजुत्ता पुण्णं पावं हवंति खलु जीवा ।
सादं सुहाउ णामं गोदं पुण्णं पराणि पावं च ॥ ३८॥

शुभाशुभभावयुक्ताः पुण्यं पापं भवन्ति खलु जीवाः ।
सातं शुभायुः नाम गोत्रं पुण्यं पराणि पापं च ॥ ३८ ॥

अन्वयार्थ—(**जीवा**=जीवाः) जीव (**सुहअसुहभावजुत्ता**=शुभाशुभभावयुक्ताः) शुभ और अशुभ भावोंकर सहित होते हुऐ (**खलु**=खलु)निश्चय करकें (**पुण्णं**=पुण्यं) पुण्यरूप और (**पावं**=पापं) पापरूप (**हवंति**=भवन्ति) होते हैं (**सादं**=सातं) सातावेदिनी (**सुहाउ**=शुभायुः) शुभ आयुः (**णामं**=नाम) शुभरूप नामकर्म और (**गोदं**=गोत्रं) उच्च गोत्र ये सब तो (**पुण्णं**=पुण्यं) पुण्य हैं (**च**=च) और (**पराणि**=पराणि) असतावेदिनी अशुभ आयु अ=शुभनामकर्म और नीच गोत्र (**पावं**=पापं) पाप हैं ॥ ३८ ॥

३८ मराठीः—शुभ व अशुभ परिणामांनीं युक्त असे जे जीव ते पुण्य व पाप यांचा अनुभव घेतात. ह्मणजे शुभपरिणामानें पुण्य व अशुभपरिणामानें पाप घडून त्यापासून जीव सुखदुःखें अनुभवितात. सातावेदनीय, शुभायुः, शुभनाम आणि शुभ गोत्र हीं पुण्याचीं चिन्हें आणि दुसरीं ह्मणजे असातावेदनीय, अशुभायुः, अशुभनाम व नीचगोत्र हीं पापाचीं चिन्हें होत.

इति श्रीनेमिचन्द्रसैद्धान्तिकदेवविरचिते द्रव्यसंग्रहग्रन्थे सप्ततत्त्वनवपदार्थप्रतिपादको नाम द्वितीयोऽधिकारः ॥ २ ॥

व्यवहार और निश्चय मोक्षमार्ग

सम्मद्दंसण णाणं चरणं मोक्खस्स कारणं जाणे ।
ववहारा णिच्चयदो तत्तियमइओ णिओ अप्पा ॥३९॥

सम्यग्दर्शनं ज्ञानं चरणं मोक्षस्य कारणं जानीहि ।
व्यवहारात् निश्चयतः तत्रिकमयः निजः आत्मा ॥ ३९ ॥

अन्वयार्थ—(**ववहारा**=व्यवहारात्) व्यवहारनयसे (**सम्मद्दंसण**=सम्यग्दर्शनं) सम्यग्दर्शन (**णाणं**=ज्ञानं) सम्यग्ज्ञान (**चरणं**=चरणं) सम्यक्चारित्र (**मोक्खस्स**=मोक्षस्य) मोक्षका (**कारणं**=कारणं) कारण (**जाणे**=जानीहि) जानो. और (**णिच्चयदो**=निश्चयतः) निश्चयनयसे (**तत्तियमइओ**=तत्रिकमयः) वह सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारित्र सहित (**णिओ**=निजः) स्वयं (**अप्पा**=आत्मा) आत्मा ही मोक्षका कारण है ॥ ३९ ॥

३९ मराठी=व्यवहारनयानें सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान आणि सम्यक्चारित्र हीं तीन्हीं मिळून मोक्षाचें कारण होय; असें जाण. आणि निश्चयनयानें सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रमय असा जो आत्मा तो स्वतः मोक्षास कारण आहे.

रत्नत्रययुक्त आत्मा ही मोक्षका कारण है.

रयणत्तयं ण वट्टइ अप्पाणं मुयतु अण्णदवियह्मि ।
तह्मा तत्तियमइओ होदि हु मोक्खस्स कारणं आदा ॥

रत्नत्रयं न वर्त्तते आत्मानं मुक्त्वा अन्यद्रव्ये ।
तस्मात् तत्रिकमयः भवति खलु मोक्षस्य कारणं आत्मा ॥ ४० ॥

अन्वयार्थ—(**अप्पाणं**=आत्मानं) आत्माको (**मुयतु**=मुक्त्वा) छोडकर (**अण्णदवियह्मि**=अन्यद्रव्ये) किसी दूसरे द्रव्यमें (**रयणत्तयं**=रत्नत्रयं) रत्नत्रय (**ण**=न) नहीं (**वट्टइ**=व-

संते) है. (**तह्मा**=तस्मात्) तिस कारणसे (**तत्तियमइओ**=तत्रिकमयः) उस रत्नत्रयके सहित (**आदा**=आत्मा) आत्मा (**हु**=खलु) ही (**मोक्खस्स**=मोक्षस्य) मोक्षका (**कारणं**=कारणं) कारण (**होदि**=भवति) है ॥ ४० ॥

४० मराठीः–आत्म्याशिवाय इतर कोणत्याही द्रव्यांत रत्नत्रय (सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्र) असत नाहीं; ह्मणून तत्रिकमय ह्मणजे रत्नत्रयमय असा जो आत्मा तोच मोक्षास कारण होय.

सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञानका स्वरूप.

जीवादीसद्दहणं सम्मत्तं रूवमप्पणो तं तु ।
दुरभिणिवेसविमुक्कं णाणं सम्मं खु होदि सदिजह्मि ४१

जीवादिश्रद्धानं सम्यक्त्वं रूपं आत्मनः तत् तु ।
दुरभिनिवेशविमुक्तं ज्ञानं सम्यक् खलु भवति सति यस्मिन् ॥ ४१ ॥

अन्वयार्थ–(**जीवादीसद्दहणं**=जीवादिश्रद्धानं) जीवादितत्त्वोंका-श्रद्धान करना जो है सो (**सम्मत्तं**=सम्यक्त्वं) सम्यक्त्व है अर्थात् सम्यग्दर्शन है (**तं**=तत्) सो (**अप्पणो**=आत्मनः) आत्माका (**रूवं**=रूपं) स्वरूप है अर्थात् आत्माका खास स्वभाव (गुण वा धर्म] है (**तु**=तु) और (**जह्मि सदि**=यस्मिन्सति) जिसके होते हुए (**दुरभिणिवेसविमुक्कं**=दुरभिनिवेशविमुक्तं) विपरीत अभिप्रायकर रहित (**णाणं**=ज्ञानं) ज्ञान (**खु**=खलु) वास्तवमें (**सम्मं**=सम्यक्) सम्यक् (**होदि**=भवति) होता है ॥ ४१ ॥

भावार्थ–जीवादि पदार्थोंका श्रद्धान करना सो सम्यग्दर्शन है. उसके होते संते यथार्थ ज्ञान है, वह ही वास्तवमें सम्यग्ज्ञान है॥४१॥

४१ मराठीः–जीवादिक तत्त्वांचें जें श्रद्धान ह्मणजे रुचि तें सम्यग्दर्शन होय; आणि सम्यग्दर्शनच आत्म्याचें स्वरूप होय. सम्यद्दर्शन असलें ह्मणजे दुरभिनिवेश [संशय, विमोह आणि विभ्रम] रहित असें सम्यग्ज्ञान प्राप्त होतें.

सम्यग्ज्ञानका विशेष स्वरूप.

संसयविमोहविब्भमविवज्जियं अप्पपरसरूवस्स ।
गहणं सम्मं णाणं सायारमणेयभेयं च ॥ ४२ ॥

संशयविमोहविभ्रमविवर्जितं आत्मपरस्वरूपस्य ।
ग्रहणं सम्यग्ज्ञानं साकारं अनेकभेदं च ॥ ४२ ॥

अन्वयार्थ–(**संसयविमोहविब्भमविवज्जियं**=संशयविमोहविभ्रमविवर्जितं) संशय[1] विपर्य्यय[2] और अनध्यवसाय[3]रहित (**सायारम्**=साकारम्) आकार सहित (**अप्पपरसरूवस्स**=आत्मपरस्वरूपस्य) अपने और परके स्वरूपका (**गहणं**=ग्रहणं)जानना जो है सो (**सम्मं-णाणं**=सम्यग्ज्ञानम्) सम्यग्ज्ञान है. (**च**=च) और वह सम्यग्ज्ञान-(**अणेयभेयं**=अनेकभेदं) अनेकभेदरूप है अर्थात् मतिज्ञानादिके-भेदसे अनेक प्रकारका है ॥ ४२ ॥

४२ मराठीः–संशय, विमोह आणि विभ्रम यांहींकरून र-

---

(१) सीपके टुकडेको पड़ा देख " यह सीप है कि चांदी ? " इसप्रकारके ज्ञानको संशयज्ञान कहते हैं ।

(२) सीपको सीप न समझ उससे विपरीत चांदी समझ लेना सो विपर्य्ययज्ञान है ।

(३) रास्ते चलते समय घास तिनके का स्पर्श होनेपर यह "क्या लगा ?" " कुछ भी होगा !" इसप्रकारके ज्ञानको अनध्यवसाय कहते हैं ।

हित व सविकल्पक किंवा आकारसहित असें जें स्वपर स्वरूपज्ञान तें सम्यग्ज्ञान होय.

दर्शनोपयोगका स्वरूप.

जं सामण्णं गहणं भावाणं णेव कट्टुमायारं ।
अविसेसिदूण अट्ठे दंसणमिदि भण्णये समये ॥४३॥

यत्सामान्यं ग्रहणं भावानां नैव कृत्वा आकारम् ।
अविशेषयित्वा अर्थे दर्शनं इति भण्यते समये ॥ ४३ ॥

अन्वयार्थ—[**अट्ठे**=अर्थे] अर्थमें (**अविशेसिदूण**=अविशेषयित्वा) विशेषता न करकें (**आयारं**=आकारम्) विशेष स्वरूपको ग्रहण (**णेव कट्टु**=नैव कृत्वा) नहीं करकें (**भावाणं**=भावानाम्) पदार्थोंका (**जं**=यत्) जो (**सामण्णं**=सामान्यम्) सामान्य (**गहणं**=ग्रहणं) ग्रहण करना अर्थात् जानपना है सो (**दंसणं**=दर्शनं) दर्शन है (**इदि**=इति) इसप्रकार (**समये**=समये) जिनागममें (**भण्णये**=भण्यते) कहा है ॥ ४३ ॥

भावार्थ—जो ज्ञान पदार्थोंके अर्थमें अथवा आकार कहिये स्वरूपमें कुछ भी विशेषता न करकें " कोई वस्तु है" इसप्रकार पदार्थकी सत्तामात्र (मोजूदगी) को जानें सो दर्शन (दर्शनोपयोग) है.

४३ मराठीः—विशेष स्वरूपाला ग्रहण न करून व पदार्थांचा आकार ही न जाणून केवळ सामान्यपणें पदार्थांची सत्ता अवलोकन करणें याला दर्शन ह्मणतात. असें शास्त्रांत सांगितलें आहे.

दर्शनज्ञानके उत्पन्न होनेका नियम.

दंसणपुव्वं णाणं छदमत्थाणं ण दुण्णि उवयोगा ।
जुगवं जह्मा केवलिणाहे जुगवं तु ते दोवि ॥ ४४॥

दर्शनपूर्वं ज्ञानं छद्मस्थानां न द्वौ उपयोगौ ।
युगपत् यस्मात् केवलिनाथे तु ते द्वौ अपि ॥ ४४ ॥

अन्वयार्थ–(**छदमत्थाणं**=छद्मस्थानाम्) अल्पज्ञानियोंके (**दंसणपुव्वं**=दर्शनपूर्वक) दर्शनपूर्वक (**णाणं**=ज्ञानं) ज्ञान होता है. (**जह्मा**=यस्मात्) क्योंकि (**दुण्णि**=द्वौ) दोनों (**उवयोगा**=उपयोगौ) उपयोग (**जुगवं**=युगपत्) एकसाथ (**ण**=न) नहीं होते परन्तु (**केवलिणाहे तु**=केवलिनाथे तु) केवलज्ञानीके विषै तो (**ते**=तौ) वे (**दो वि**=द्वौ अपि)दोनों ही उपयोग (**जुगवं**=युगपत्) एक साथ होते हैं

भावार्थ–दर्शनोपयोग और ज्ञानोपयोग केवलज्ञानीके सिवाय अन्य किसीके भी एकसाथ नहिं होते किन्तु पहिले दर्शनोपयोग होके पीछेंसे ज्ञानोपयोग होता है ॥ ४४ ॥

मराठीः–**जे छद्मस्थ ह्मणजे अल्पज्ञानी आहेत किंवा-ज्यांचें ज्ञानावरणीय व दर्शनावरणीयकर्म किंचित् उरलें-आहे अशा मुनीस दोन उपयोग [ज्ञानोपयोग व दर्शनोपयोग] एकदम न होतां प्रथम दर्शन व नंतर ज्ञान होतें. कारण ते दोन्ही उपयोग केवली भगवानासच एकदम होतात**

व्यवहारचारित्रका सामान्यलक्षण व भेद.

असुहादो विणिवित्ती सुहे पवित्ती य जाण चारित्तं
वदसमिदिगुत्तिरूवं ववहारणया दु जिणभणियं ४५

अशुभात् विनिवृत्तिः शुभे प्रवृत्तिः च जानीहि चारित्रम् ।
व्रतसमितिगुप्तिरूपं व्यवहारनयात् तु जिन भणितम् ॥ ४५ ॥

अन्वयार्थः–(**असुहादो**=अशुभात्) अशुभसे (**विणिवित्ति**=विनिर्वृत्तिः) विरक्त होना (**य**=च) और (**सुहे**=शुभे)शुभकार्यमें (**पवित्ति**=प्रवृत्ति प्रवृति) होना सो (**चारित्तं**=चारित्रं) चारित्र

(**जाण**=जानीहि) जानो (दु=तु)और वह चारित्र (**ववहारणया**=व्यवहारनयात्) व्यवहारनयसे (**वदसमिदिगुत्तिरूवं**=व्रतसमितिगुप्तिरूपं) ५ महाव्रत, ५ समिति, ३ गुप्ति रूप, १३ प्रकारका- (**जिणभणियं**=जिनभाणितं) जिनेन्द्र भगवानने कहा है ॥ ४५ ॥

४५ मराठीः—व्यवहारनयानें अशुभापासून निवृत्ति आणि- शुभकर्मांत प्रवृत्ति करणें याचे नांव चारित्र. हें व्रत, समिति, गुप्ति वगैरे रूपाचें आहे. हें जिनानें सांगितलें आहे.

निश्चयचारित्रका लक्षण.

वहिरब्भंतरकिरियारोहो भवकारणप्पणासट्ठं ।
णाणिस्स जं जिणुत्तं तं परमं सम्मचारित्तम् ॥ ४६ ॥

बहिरभ्यंतरक्रियारोधः भवकारणप्रणाशार्थम् ।
ज्ञानिनः यत् जिनोक्तं तं परमं सम्यक्चारित्रम् ॥ ४६ ॥

अन्वयार्थ–(**भवकारणप्पणासट्ठं**=भवकारणप्रणाशार्थं) संसारके कारणोंको नष्ट करनेके लिये (**जं**=यत्) जो (**णाणिस्स**= ज्ञानिनः) ज्ञानीके (**वहिरब्भंतरकिरियारोहो**=बहिरभ्यन्तरक्रियारोधः) शुभाशुभ वचनकायकी प्रवृत्तिरूप बाह्यक्रिया और मनोविकल्परूप अन्तरंग क्रियाका रोकना है (**तं**=तत्) सो (**जिणुत्तं** =जिनोक्तम्) जिनेन्द्रभगवान्‌कर भाषित (**परमं**=परमं) उत्कृष्ट- (**सम्मचारित्तं**=सम्यक्चारित्रम्) सम्यक्चारित्र है ॥ ४६ ॥

४६ मराठीः—संसाराच्या वीजाचा नाश करण्याकरितां ज्ञानीमुनि जो बाह्य व अंतरक्रियांचा त्याग करितो तें उत्कृष्ट चारित्र होय; असें जिनानें सांगितलें आहे.

ध्यानाभ्यासकरनेकी हेतुपूर्वक प्रेरणा.

दुविहं पि मोक्खहेउं झाणे पाउणदि जं मुणी णियमा
तह्मा पयत्तचित्ता जूयं ज्झाणं समब्भसह ॥ ४७ ॥

द्विविधमपि मोक्षहेतुं ध्याने प्राप्नोति यत् मुनिः नियमात् ।
तस्मात् प्रयत्नचित्ताः यूयं ध्यानं समभ्यसध्वम् ॥ ४७ ॥

अन्वयार्थ–(**जं**=यत्) क्योंकि (**मुणी**=मुनिः) मुनि (**दुविहंपि**=द्विविधमपि) [1]दोनों ही प्रकारके (**मोक्खहेउं**=मोक्षहेतुं) मोक्ष मार्गको (**णियमा**=नियमात्) नियमसे (**ज्झाणे**=ध्याने) ध्यानमें (**पाऊणदि**=प्राप्नोति) प्राप्त होजाते हैं (**तह्मा**=तस्मात्)-तिसकारणसे (**जूयं**=यूयं) तुम (**पयत्तचिता**=प्रयत्नचित्ताः) प्रयत्नचित्त होते हुए (**ज्झाणं**=ध्यानं) ध्यानको (**समब्भसह**=समभ्यसध्वं) भले प्रकार अभ्यास करो ॥ ४७ ॥

भावार्थ–ध्यान करनेसे मुनियोंको दोनों प्रकारके मोक्षमार्गकीप्राप्ति होती है इस कारण भलेप्रकार प्रयत्नशील हो कर ध्यानाभ्यासमें परिश्रम करना चाहिये ॥ ४७ ॥

४७ मराठीः–मोक्षाला कारण असे जे निश्चय व व्यवहार अशा भेदानें दोन प्रकारचे मोक्षमार्ग ते नियमानें मुनीस ध्यानामुळें प्राप्त होतात. याकरितां; तुह्मी प्रयत्नचित्ताचे होऊन; ह्मणजे खटपट करून ध्यानाचा अभ्यास करा.

ध्यानमें लगनेका मुख्य उपाय.

मा मुज्झह मा रज्जह मा दुस्सह इट्ठणिट्ठअत्थेसु ।
थिरमिच्छह जइ चित्तं विचित्तझाणप्पसिद्धीए ॥४८॥

मा मुह्यथ मा रज्यथ मा द्विष्यथ इष्टानिष्टार्थेषु ।
स्थिरं इच्छथ यदि चित्तं विचित्रध्यानप्रसिद्ध्यै ॥ ४८ ॥

अन्वयार्थः–भो भव्यपुरुषो! (**जइ**=यदि) यदि तुम (**विचित्तज्झाणप्पसिद्धीए**=विचित्रध्यानप्रसिद्ध्यै) अनेक प्रकारके ध्यानकी

---

[1] निश्चय और व्यवहार मोक्षमार्ग ।

सिद्धिके अर्थ (**चित्तं**=चित्तम्) चित्तको (**थिरं**=स्थिरं) स्थिर करना (**इच्छह**=इच्छथ) चाहते हो तो (**इट्ठणिट्ठअत्थेसु**=इष्टानिष्टार्थेषु) इष्ट अनिष्ट पदार्थोंमें (**मा**=मा) मत (**मुज्झह**=मुह्यथ) मोह करो (**मा**=मा) मत (**रज्जह**=रज्यथ) रंजायमान अर्थात् लवलीन होवो. (**मा**=मा)मत (**दुस्सह**=द्विष्यथ) द्वेष करो ॥ ४८ ॥

भावार्थ—यदि समस्तप्रकारके ध्यान करनेकी इच्छा हो तो इष्टपदार्थोंमें मोह प्रीति मत करो और अनिष्ट पदार्थोंमें द्वेषभाव मत-करो ॥ ४८ ॥

४८ मराठीः—भव्य हो, ध्यानाचे अनेक प्रकार आहेत, त्यांच्या सिद्धीकरितां, तुह्मी इष्ट व अनिष्ट अर्थांविषयीं मोह पावूं नका, अनुराग करूं नका व रोषही करूं नका; अर्थात् चित्त स्थिर ठेवा.

ध्यान करने योग्य मंत्रोंका उपदेश.

पणतीस सोल छ प्पण चदु दुगमेगं च जवह झाएह ।
परमेट्ठिवाचयाणं अण्णं च गुरूवएसेण ॥ ४९ ॥

पञ्चत्रिंशत् षोडश षट् पंच चत्वारः द्विकं एकं च जपत ध्यायेत ।
परमेष्ठिवाचकानां अन्यत् च गुरूपदेशेन ॥ ४९ ॥

अन्वयार्थ—(**परमेट्ठिवाचयाणं**=परमेष्ठिवाचकानाम्) पंच परमेष्ठिवाचक (**पणतीस**=पञ्चत्रिंशत्) पैंतीस[1] अक्षरोंको (**सोल**

---

(१) पैंतीस अक्षरोंका मंत्र—आर्या वा गाथाछंदः।

णमो अरहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरीयाणं ।
णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं ॥ १ ॥

षोडश) सोलहं अक्षरोंको (**छ**=षट्) छै अक्षरोंको [**पण**=पञ्च] पांचै अक्षरोंको (**चदु**=चत्वारः) चारें अक्षरोंको (**दुगं**=द्विकं) दो अक्षरोंको (**च**=च) और (**एगं**=एकं) एकै अक्षरको (**च**=च) इसके अतिरिक्त (**गुरूवएसेण**=गुरूपदेशेन) गुरूके उपदेशसे (**अ-ण्णं**=अन्यत्) अन्य सिद्धचक्रादि मंत्रोंको भी [**जवह**=जपत] जपो और (**झाएह**=ध्यायेत) ध्यावो ॥ ४९ ॥

---

१ सोलह अक्षरोंका मंत्र—**अरहंत सिद्ध आइरिया उवज्झाया साहू.**

२ छै अक्षरोंके ३ मंत्र—**अरहंत सिद्धा** अथवा **अरहंत सि सा** अथवा ॐ **नमः सिद्धेभ्यः ।**

३ पांच अक्षरोंका मंत्र—**अ सि आ उ सा ।**

४ चार अक्षरोंके दो मंत्र—**अरहंत** अथवा **अ सि साहू ।**

५ दो अक्षरोंके ३ मंत्र—**सिद्ध । अ सा । ॐ ह्रीं ।**

६ एक अक्षरका मंत्र—ॐ ॥ यथा—आर्याछंदः—

अरहंता असरीरा आइरिया तह उवज्झया मुणिणो ।
पढमक्खरणिप्पण्णो ओंकारो पंच परमेट्ठी ॥ १ ॥

भावार्थ—अरहंतका आद्य अक्षर '**अ**' अशरीरीका (सिद्धका) आद्य अक्षर '**अ**' आचार्यका आद्य अक्षर '**आ**' उपाध्यायका आद्य अक्षर '**उ**' मुनियोंका [साधुओंका] आद्य अक्षर '**म्**' इस प्रकार अ+अ+आ+उ+म् इन पांच अक्षरोंको व्याकरणके नियमानुसार सन्धित करनेसे पंच परमेष्ठीका वाचक **ओम्**=अथवा '**ओं**' अक्षर सिद्धहुआ है.

मराठीः—अरहंत, अशरीर (सिद्ध), आचार्य, उपाध्याय आणि मुनि या पंचपरमेष्ठिवाचक पांच शब्दांपैकीं प्रत्येक शब्दांच्या आद्य वर्णांचा (अ+अ+आ+उ+म्=) संधि होऊन 'ॐ' हा एकाक्षरी मंत्र निष्पन्न झाला आहे. ॐ ह्मणजे पंचपरमेष्ठी ।

४९ मराठीः–पसतीस, सोळा, साहा, पांच, चार, दोन आणि एक अशा क्रमानें तितक्या तितक्या अक्षरांचा परमेष्ठिवाचक जो मंत्र, तो तुह्मी जपा व ध्यान करा. याशिवाय सिद्धचक्र वगैरे मंत्राचे भेद आहेत; ते गुरुच्या उपदेशानें समजून घ्या.

अरहंत परमेष्ठीका स्वरूप व उसको ध्यानेकी प्रेरणा.

णट्ठचदुघाइकम्मो दंसणसुहणाणवीरियमइओ ।
सुहदेहत्थो अप्पा सुद्धो अरिहो विचिंतिज्जो ॥ ५० ॥

नष्टचतुर्घातिकर्मा दर्शनसुखज्ञानवीर्यमयः ।
शुभदेहस्थः आत्मा शुद्धः अर्हन् विचिन्तनीयः ॥ ५० ॥

अन्वयार्थ– (**णट्ठचदुघाइकम्मो**=नष्टचतुर्घातिकर्मा) नष्ट कर दिये हैं चार घातियाकर्म[1] जिसने ऐसा (**दंसणसुहणाणवीरियमइओ**=दर्शनसुखज्ञानवीर्यमयः) अनन्तदर्शन अनंतसुख अनंतज्ञान अनन्तवीर्य सहित (**सुहदेहत्थो**=शुभदेहस्थः) सप्त धातुरहित परम औदारिक शरीरमें स्थित (**सुद्धो**=शुद्धः) अष्टादश दोष रहित **अप्पा**=आत्मा) आत्मा (**अरिहो**=अर्हन्) अरहंत परमेष्ठी है. सो (**विचिंतिज्जो**=वि-चिन्तनीयः) विशेषप्रकारसे ध्यान करने योग्य है ॥ ५० ॥

५० मराठीः–ज्यानें चार घातिकर्मांचा नाश केला आहे; आणि त्यामुळें अनंतदर्शन, अनंतसुख, अनंतज्ञान आणि-अनंतवीर्य हीं ज्यास प्राप्त झालीं आहेत, जो शुभ ह्मणजे-सप्तधातुमलरहित अशा देहांत राहणारा असा शुद्धात्मा अरहंत परमेष्ठी आहे, त्याचें तुह्मी चिंतवन करा.

---

(१) ज्ञानावरणी दर्शनावरणी मोहिनीय और अंतराय ये ४ कर्म आत्माके ज्ञानादि गुणोंको घात करते हैं इसकारण इनको घातियाकर्म कहते हैं.

सिद्धपरमेष्ठीका स्वरूप और ध्यानकी प्रेरणा.

णट्ठट्ठकम्मदेहो लोयालोयस्स जाणवो दट्ठा।
पुरिसायारो अप्पा सिद्धो ज्झाएह लोयसिहरत्थो५१

नष्टाष्टकर्मदेहः लोकालोकस्य ज्ञायकः द्रष्टा।
पुरुषाकारः आत्मा सिद्धः ध्यायेत लोकशिखरस्थः॥ ५१॥

अन्वयार्थ–(**णट्ठट्ठकम्मदेहो**=नष्टाष्टकर्मदेहः) नष्ट कर दिये-हैं अष्टकर्म देहसे जिसने (**लोयालोयस्स**=लोकालोकस्य) लोका-लोकका (**जाणवो**=ज्ञायकः) जाननेवाला और (**दट्ठा**=द्रष्टा) दे-खनेवाला (**पुरिसायारो**=पुरुषाकारः) देहरहित पुरुषके आकार-(**लोयसिहरत्थो**=लोकशिखरस्थः) लोकके अग्रभागमें स्थित ऐसा-(**अप्पा**=आत्मा) आत्मा (**सिद्धो**=सिद्धः) सिद्ध परमेष्ठी है. सो नित्य ही (**ज्झाएह**=ध्यायेत) ध्याया जावे अर्थात् स्मरण कर-ने योग्य है॥ ५१॥

५१ मराठीः–ज्यानें आठ घातिकर्मांचा नाश केला आहे, ज्यास देह नाहीं, जो लोकालोकांस जाणतो व पाहतो, जो पुरुषाकार आहे, असा जो त्रैलोक्यशिखरावर वास करणार शुद्धात्मा तो सिद्धपरमेष्ठी होय. त्याचें तुह्मी ध्यान करा.

आचार्य परमेष्ठीका स्वरूप व उसके ध्यानकी प्रेरणा.

दंसणणाणपहाणे वीरियचारित्तवरतवायारे।
अप्पंपरं च जुंजइ सो आयरिओ मुणी ज्झेओ॥५२॥

दर्शनज्ञानप्रधाने वीर्यचारित्रवरतपाचारे।
आत्मानं परं च युनक्ति सः आचार्यः मुनिः ध्येयः॥ ५२॥

अन्वयार्थ–जो मुनि (**दंसणणाणपहाणे**=दर्शनज्ञानप्रधा-ने) दर्शनाचार ज्ञानाचार है प्रधान जिनमें ऐसे (**वीरियचारित्त**-

वरतवायारे=वीर्य्यचारित्रवरतपाचारे) वीर्य्याचार चारित्राचार और श्रेष्ठ तपाचार इन पांच प्रकारके सदाचारोंमें (**अप्पं**=आत्मानं) अपनेको (**च**=च) और (**परं**=परं) अन्यको (**जुंजइ**=युनक्ति) जोड़ता है अर्थात् लगाता है (**सो**=सः) वह (**मुणी**=मुनिः) मुनि (**आयरिओ**=आचार्य्यः) आचार्य्य है सो नित्यही (**ज्झेओ**=ध्येयः) ध्यान करने योग्य है ॥ ५२ ॥

५२ मराठीः—दर्शन व ज्ञान यांहींकरून श्रेष्ठ अशा वीर्य-चारित्र व उत्कृष्ट तप अशा प्रकारच्या आचारामध्यें आपण प्रवृत्त असून इतरांसहि प्रवृत्त करितो तो आचार्यमुनि होय, त्याचें तुह्मीं ध्यान करा.

नमस्कार सहित उपाध्यायका स्वरूप.

जो रयणत्तयजुत्तो णिच्चं धम्मोवएसणे णिरदो ।
सो उवज्झाओ अप्पा जदिवरवसहो णमो तस्स ५३

य: रत्नत्रययुक्त: नित्यं धर्मोपदेशने निरतः ।
सः उपाध्यायः आत्मा यतिवरवृषभः नमस्तस्मै ॥ ५३ ॥

अन्वयार्थः—(**जो**=यः) जो (**रयणत्तयजुत्तो**=रत्नत्रययुक्तः)-रत्नत्रय सहित (**णिच्चं**=नित्यं) निरंतर (**धम्मोवएसणे**=धर्मोपदेशने) धर्मोपदेश देनेमें (**णिरदो**=निरतः) लवलीन है (**सो**=सः) वह (**जदिवरवसहो**=यतिवरवृषभः) यतियोंमें श्रेष्ठ अर्थात् धर्मोद्धारक (**अप्पा**=आत्मा) आत्मा (**उवज्झाओ**=उपाध्यायः) उपाध्याय है (**तस्स**=तस्मै) तिस उपाध्यायके अर्थ (**णमो**=नमः) नमस्कार है ॥ ५३ ॥

५३ मराठीः—जो रत्नत्रयानें युक्त असून निरंतर धर्मोपदे-

श करितो व यतिश्रेष्ठ असा जो शुद्धात्मा उपाध्याय मुनि, त्यास नमस्कार असो.

साधुका (मुनिका) स्वरूप.

दंसणणाणसमग्गं मग्गं मोक्खस्स जो हु चारित्तं ।
साधयदि णिच्च सुद्धं साहू स मुणी णमो तस्स ॥५४॥

दर्शनज्ञानसमग्रं मार्गं मोक्षस्य यः खलु चारित्रम् ।
साधयति नित्यशुद्धं साधुः सः मुनिः नमः तस्मै ॥ ५४ ॥

अन्वयार्थः–(**जो**=यः) जो (**मुणी**=मुनिः) मुनि (**दंसणणाणसमग्गं**=दर्शनज्ञानसमग्रं) सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान कर सहित (**मोक्खस्स**=मोक्षस्य) मोक्षका (**मग्गं**=मार्गं) मार्गस्वरूप (**णिच्चसुद्धं**=नित्यशुद्धं) हमेशहशुद्ध (**चारित्तं**=चारित्रं) तेरह प्रकारके चारित्रको (**साधयदि**=साधयति) साधन करता है (**स**=सः) वह मुनि (**साहू**=साधुः) साधु है (**तस्स**=तस्मै) तिस साधुके अर्थ (**णमो**=नमः) नमस्कार है ॥ ५४ ॥

५४ मराठीः–**दर्शन व ज्ञान यांहींकरून संपूर्ण व मोक्षासकारण असें जें शुद्ध चारित्र तें निरंतर साधणारा जो साधु-मुनि त्यास नमस्कार असो.**

साधुके निश्चयध्यानकी योग्यताका वर्णन.

जंकिंचि विचिंततो णिरीहवित्ती हवे जदा साहू ।
लद्धूणय एयत्तं तदा हु तं तस्स णिच्चयं ज्झाणं॥५५॥

यत् किञ्चित् विचिन्तयन् निरीहवृत्तिः भवेत् यदा साधुः ।
लब्ध्वा एकत्वं तदा खलु तं तस्य निश्चयं ध्यानम् ॥ ५५ ॥

अन्वयार्थ–(**जदा**=यदा) जिस समय (**साहू**=साधुः) साधु (**एयत्तं**=एकत्वं) एकान्तताको अथवा अयोगित्वको (**लद्धूणय**=ल-

ब्ध्वा) प्राप्त होकर (**जंकिंचि**=यत्किञ्चित्) जो कुछ भी (**विचिंतंतो**=विचिन्तयन्) विचार करता हुआ (**णिरीहवित्ती**=निरीहवृत्तिः) आकांक्षारहित वृत्तिवाला हो (**तदा**=तदा) उस समय (**हु**=खलु) निश्चय करके (**तस्स**=तस्य) तिस मुनिके (**तं**=तत्) वह क्रिया (**णिच्चयं**=निश्चयं) निश्चय (**ज्झाणं**=ध्यानम्) ध्यान (**हवे**=भवेत्) होता है ॥ ५५ ॥

५५ मराठीः—जेव्हां साधु एकत्वास पावून ह्मणजे कायिक वाचिक व मानसिक अशा सर्व क्रिया सोडून व बाह्याभ्यंतर परिग्रहाविषयीं निरिच्छ होऊन यत्किंचित् ह्मणजे द्रव्यरूप किंवा पर्यायरूप वस्तूचें चिंतवन अर्थात् ध्यान करणारा असा होतो; तेव्हां त्याचें तें ध्यान निश्चयध्यान जाणावें.

परमध्यानका लक्षण ।

मा चिट्ठह मा जंपह मा चिंतह किंचि जेण होइ थिरो
अप्पा अप्पम्मि रओ इणमेव परं हवे ज्झाणं॥ ५६ ॥

मा चेष्टत मा जल्पत मा चिन्तयत किञ्चित् येन भूत्वा स्थिरः।
आत्मा आत्मनि रतः इदमेव परं भवेत् ध्यानम् ॥ ५६ ॥

अन्वयार्थ—भो भव्यपुरुषो! तुम (**किंचि**=किञ्चित्) कुछ भी (**मा चिठ्ठह**=मा चेष्टत) मत चेष्टा करो (**मा जंपह**=मा जल्पत) मत बोलो (**मा चिंतह**=मा चिन्तयत) मत विचारो (**जेण**=येन-जिसकरकें (**अप्पा**=आत्मा) आत्मा (**अप्पम्मि**=आत्मनि) अपनेमें ही (**थिरो**=स्थिरः) स्थिर (**होइ**=भूत्वा) होकर (**रओ**=रतः) लवलीन होय तो (**इणमेव**=इदमेव) यह ही (**परं**=परम्)उत्कृष्ट (**ज्झाणं**=ध्यानम्) ध्यान (**हवे**=भवेत्) होय है ॥५६॥

भावार्थ—न तो कोई उपाय करो और न किसीका चिंतवन करो एक मात्र आत्माका आत्मामें लीन होना ही उत्कृष्ट ध्यान है. ॥५६॥

५६ मराठीः—भव्यहो, तुह्मी कांहीं चेष्टा, बडबड, चिंता [विचार] वगैरे कांहीं करूं नका. तर फक्त जेणेंकरून आत्म्याच्या ठिकाणीं आत्मा रत व स्थिर होईल असें करा हेंच उत्कृष्ट ध्यान होय.

तपोव्रतश्रुतसहित ध्यानमें रत होनेकी प्रेरणा-

तवसुदवदवं चेदा ज्झाणरहधुरंधरो हवे जह्मा ।
तह्मा तत्तियणिरदा तल्लद्धीए सदा होह ॥ ५७ ॥

तपःश्रुतव्रतवान् चिदात्मा ध्यानरथधुरन्धरः भवेत् यस्मात् ।
तस्मात् तत्रिकनिरताः तल्लब्ध्यै सदा भवत ॥ ५७ ॥

अन्वयार्थ—(**जह्मा**=यस्मात्) जिसकारणसे (**तवसुदवदवं**=तपःश्रुतव्रतवान्) तपश्रुतव्रतोंका धारक (**चेदा**=चिदात्मा) चेतन आत्मा (**ज्झाणरहधुरंधरो**=ध्यानरथधुरन्धरः) ध्यानरूपी रथकी धुराका धारक (**हवे**=भवेत्) होता है (**तह्मा**=तस्मात्) तिसकारणसे (**तल्लद्धीए**=तल्लब्ध्यै) तिस ध्यानकी प्राप्तिके अर्थ तुम (**सदा**=सदा) निरन्तर (**तत्तियणिरदा**=तत्रिकनिरताः) उन तीनोंमें लवलीन (**होह**=भवत) होओ ॥ ५७ ॥

भावार्थ—द्वादशप्रकारके तप और पंचमहाव्रतोंके धारक होकर अनेकशास्त्रोंके पठनपाठन करनेवाले मुनि ही ध्यानके धौरी होते हैं, इसकारण तुम भी तपव्रतके धारक हो कर शास्त्रके पठनपाठनमें लग्न होओ॥

५७ मराठीः—तप, शास्त्र व व्रत पाळणारा जो आत्मा तो ध्यानरथाचा धुरंधर होतो; ह्मणून, हे भव्यहो तुह्मी

रत्नत्रयाच्या किंवा परमपदाच्या प्राप्तीकरितां तप शास्त्र व व्रत या तीहींच्या ठिकाणीं रत (लीन) व्हा.

ग्रन्थकर्त्ताकी प्रार्थना.

दव्वसंगहमिणं मुणिणाहा
दोससंचयचुदा सुदपुण्णा ।
सोधयंतु तणुसुत्तधरेण
णेमिचंदमुणिणा भणियं जं ॥ ५८ ॥

द्रव्यसंग्रहं इदं मुनिनाथाः दोषसंचयच्युताः श्रुतपूर्णाः ।
शोधयन्तु तनुसूत्रधरेण नेमिचन्द्रमुनिना भणितं यत् ॥५८॥

अन्वयार्थ—(**तणुसुत्तधरेण**=तनुसूत्रधरेण) अल्पशास्त्रके पाठी मुझ (**णेमिचंदमुणिणा**=नेमिचन्द्रमुनिना) नेमिचंद्रमुनि करके (**जं**=यत्) जो (**इणं**=इदम्) यह (**दव्वसंगहं**=द्रव्यसंग्रह) द्रव्यसंग्रह नामका ग्रन्थ (**भणियं**=भणितं) कहा गया है उसको (**सुदपुण्णा**=श्रुतपूर्णाः) शास्त्रके पाठी (**मुणिणाहा**=मुनिनाथाः) मुनियोंके नाथ (**दोससंचयचुदा**=दोषसंचयच्युताः 'सन्ताः') दोष संग्रहसे रहित होते हुए (**सोधयंतु**=शोधयन्तु) शुद्ध करो अर्थात् शुद्धता पूर्वक पढो पढाओ ॥ ५८ ॥

५८ मराठीः—निर्दोष व शास्त्रपूर्ण अशा मुनिश्रेष्ठहो, आगमशास्त्रामध्यें अल्पबुद्धीचा अशा नेमिचंद्र मुनीनें सांगितलेल्या या द्रव्यसंग्रहास तुह्मी शुद्ध करा.

इति श्रीनेमिचन्द्रसैद्धान्तिकदेवविरचिते द्रव्यसंग्रहग्रन्थे
मोक्षमार्गकथनं तृतीयोऽधिकारः ॥ ३ ॥

समाप्तोऽयं द्रव्यसंग्रहग्रन्थः ॥

अनुवादकका कथन।

दोहा.

संवत सत उनईसपर, सत्तावनकी साल।
बुध अषाढ वदि अष्टमी-दिवसहि पन्नालाल॥ १॥
कोल्हापुरके प्रान्तमें, श्रोलनन्दिनी पन्थ।
तामधि इक वनक्षेत्रपर, पूर्ण कियो लिख ग्रन्थ॥ २॥
श्रीयुत प्रियवर मित्र मम, बुध कल्लापा नाम।
तिन सहायतें ग्रन्थ यह, हुआ विशुद्ध ललाम॥ ३॥
जे नर नित इस ग्रन्थको, पढहिं सुनहिं सविचार।
ते इस भव यश-सुख लहैं, परभव भवदधिपार॥ ५॥



द्रव्यसंग्रहमें पास होनेकी कुंजी.

अर्थात्

विद्यार्थियोंको उपदेश,

हे विद्यार्थियो! यदि तुम उत्तम श्रेणीमें पास होना चाहते हो तो प्रस्तावनाके बाद जो " **द्रव्यसंग्रहके पढानेकी रीति** " लिखी है ठीक उसी तरहँ मूल, छाया, अन्वय, पदपदका अर्थ और भावार्थ कंठाग्र पढलो. और इसकी जो आगें प्रश्नावली छपाई है उनमेंके तथा उनके सहारेसे अन्यान्य प्रकारके दूसरे प्रश्न परस्पर करकें एक विद्यार्थी दूसरेकी मुखजबानी परीक्षा लिया करें. तथा गुरुजी-से प्रश्न लिखवा लिखवा कर महीनेमें दो वार लेखीपरीक्षा दिया करें. इस प्रकार करनेसे परीक्षा देनेकी तरकीब आजायगी और वार्षिक परीक्षाके समय न घबरा-नेकी आदत पड़ जायगी. सो हर महीनेमें दो बार लेखी परीक्षा अवश्य देना चाहिये.

दूसरे—जब वार्षिक परीक्षाके प्रश्न आवे तब घबराना नहिं चाहिये. धैर्य रखना और प्रश्नोंको कठिन देखकर एक तो हतास नहिं होना चाहिये. अर्थात् अपने हृदयमें ऐसी धारणा करनी चाहिये कि " ये तो कुछ भी नहीं इनका उत्तर तो अभी बातकी बातमें लिखे देतां हूं. " दूसरे प्रश्नावलीको एकबार आद्योपान्त बांचकर उनमेंसे तुम जिन जिन प्रश्नोंको समझ जावो और जिनका उत्तर तुमको भास गया हो सबसे पहिले उन्हीं प्रश्नोंका उत्तर लिखना सुरू कर दो परन्तु लिखते समय ,—

" **तीसरे प्रश्नका उत्तर** "

इस प्रकार एक पंक्तिमें हरएक प्रश्नके उत्तरका शीर्षक (हेडिङ्) लिखकर उसके नीचे उत्तर लिखा करो. ऐसा नहिं समझना कि पहिले प्रश्नका उत्तर लिखे बाद दूसरे प्रश्नका लिखना और दूसरेके वाद तीसरेआदिका इस प्रकार करनेसे और पहिले दूसरे तीसरे आदिका उत्तर शोचते बैठे रहनेसे बहुतसा का-ल वृथा चला जायगा और आगेंके जिन जिन प्रश्नोंका उत्तर तुमको अच्छी तरहँ आता हो उनका उत्तर भी भले प्रकार नहिं लिख सकोगे क्योंकि उत्तर लिखनेका काल बहुत कम मिलता है. इसकारण जिस जिस प्रश्नका उत्तर

तुमको आता हो सबसे पहिले उन्हीका उत्तर लिख डालो. उसके पीछे दूसरे प्रश्नोंका उत्तर शोचो और विचारपूर्वक लिखो.

तीसरे—किसी प्रश्नका उत्तर तुम पहिले थोड़ासा लिख चुके वा उस समय उसका उत्तर ठीक ठीक समझमें न आनेसे पूरा नहिं लिखा गया और पीछेसे तुमको स्मरण हो जाय तो उस प्रश्नका उत्तर पहिले उत्तरकी जगहँ हांसिये वगेरह पर बारीक बारीक अक्षरोंमें न लिखकर जहां तुमको जगहँ मिलै उसी जगहँ फिरसे—

" पांचवें प्रश्नका उत्तर इत्यादि "

इस प्रकार शीर्षक देकर जो कुछ लिखना चाहो लिख दो परन्तु पहिले उत्तरके शीर्षकपर (क) और दूसरी बारके उत्तर पर (ख) इसप्रकार उनमें क ख का नम्बर दे दो अथवा पहिलेके उत्तरके अंतमें ( ) ऐसे कांउंसमें सूचना लिखदो कि (इसका कुछ उत्तर अमुक पृष्ठमें भी लिखा है सो देख लें.) अथवा पहिलेका उत्तर अच्छा न हो या दूसरी बारके उत्तरसे सम्बन्ध न मिलता हो तो पहिले उत्तर को बिलकुल काट दो और दूसरी बार फिरसे लिखो.

चौथे,–जहांतक बनें अक्षर मोटे स्पष्ट और शुद्ध लिखना चाहिये.

पांचवें,–उत्तर लिखते समय न तो किसी अन्य विद्यार्थीकी तरफ देखो. और न किसीसे बार्तालाप करो. यदि कोई विद्यार्थी तुमसे कुछ पूछे तो न तो तुम कुछ बताओ और न तुम किसीको पूछो. हाँ यदि प्रश्नोंके अक्षर ठीक ठीक पढनेमें न आवे तो परिक्षा लेनेवाले प्रबन्धकर्ताओंसे पूछ देखो कि अमुक प्रश्न हमारे पढ़नेमें नहिं आता सो जरा पढकर सुना दो, तो वे अवश्य सुनादेंगे.

तुमारा हितैषी

पन्नालाल जैन.

द्रव्यसंग्रहकी प्रश्नावली

१ ली गाथा.

(१) मंगलाचरणकी प्रथम गाथा छाया अन्वय अर्थ और भावार्थ सहित लिखो (२) इन्द्र कौन कौनसे और कहां कहांके कितने हैं अगर जानते हो तो लिखो।

२ री गाथा.

(१) जीवके नव अधिकार कौन २ से हैं. (२) जीवका नव अधिकाररूप लक्षणकी मूलगाथा सान्वयार्थ लिखो.

३ री गाथा.

(१) जीवके त्रैकालिक प्राण कितने हैं (२) जीवके व्यवहार नयकी अपेक्षा कौन २ प्राण हैं (३) जीवके निश्चय नयकी अपेक्षा कौन २ से प्राण हैं (४) जीवके समस्त प्राणोंके नाम लिखो।

४ थी गाथा.

(१) उपयोग कितने हैं (२) दर्शनोपयोग कितने हैं, उनके नाम लिखो।

५ वीं गाथा.

(१) जीवके ज्ञानोपयोग कितने हैं उनके नाम और दूसरे भेद लिखो (२) ज्ञान कितनी प्रकारके हैं अथवा उसके कितने भेद हैं सो लिखो।

टिप्पणीकी गाथा पृष्ठ ६ में

(१) परोक्ष ज्ञान कौन कौन से हैं (२) विकलप्रत्यक्ष कौन २ से ज्ञान हैं (३) सकल प्रत्यक्ष ज्ञान कौन कौन से हैं।

६ ठी गाथा.

(१) व्यवहारनयकी अपेक्षा जीवका लक्षण लिखो. (२) निश्चयनयकी अपेक्षा जीवका स्वरूप (लक्षण) लिखो. शुद्धनिश्चयनयकी अपेक्षा जीवका लक्षण क्या है ?

७ वीं गाथा.

(१) जीवके अमूर्त्ति अधिकारकी गाथा सान्वयार्थ लिखो (२) निश्चयनयकी अपेक्षा जीव मूर्तीक है या अमूर्तीक? (३) व्यवहारनयसे जीव मूर्तीक है या अमूर्तीक ? (४) मूर्तीक होनेका कारण क्या है? (५) अमूर्तीक किस कारणसे है? (६) वर्ण कितने, रस कितने, गन्ध और स्पर्श कितने २ हैं उनके नाम लिखो ।

८ वीं गाथा.

(१) कर्ता अधिकारकी गाथा सान्वयार्थ लिखो. (२) व्यवहारनयसे जीव किसका कर्त्ता है? (३) अशुद्धनिश्चयनयसे किसका कर्त्ता है ? (४) शुद्धनिश्चयनयसे किसका कर्त्ता है ?

९ वीं गाथा.

(१) जीव पौद्गलिककर्मफलका भोक्ता किस नयकी अपेक्षा है? (२) जीव निश्चयनयकी अपेक्षा भोक्ता है या नहीं यदि है तो काहेका भोक्ता है? (३) जीव रागादिक चैतन्यभावोंका भोक्ता है कि नहीं ? यदि है तो किस नयकी अपेक्षासे है?

१० वीं गाथा.

(१) जीव अपनी देहके परिमाण किस कारणसे रहता है? (२) क्या जीव कभी अपनी देहसे बाहर होता है? (३) यदि होता है तो कब होता है (४) निश्चयनयकी अपेक्षा जीवके प्रदेश कितने हैं? (५) जीव अपनी देहके परिमाण कब रहता है? (६)'असमुहदो' इसकी संस्कृत क्या है और इसका अर्थ क्या है?

११ वीं गाथा.

[१] संसारी जीव कितने प्रकारके हैं उनके नाम लिखो. (२) त्रस जीव कितने प्रकारके हैं उनके नाम उदाहरणसहित लिखो. (३) स्थावर जीव कितने प्रकारके हैं उनके नाम व भेद लिखो. (४) पृथिवी और वायुकायके जीव त्रस हैं कि थावर ?

१२ वीं गाथा.

(१) पंचेन्द्रिय जीवके कितने भेद हैं? (२) संज्ञी असंज्ञी किसको कहते है? (३) एकेन्द्रिय बेइन्द्रिय तेइन्द्रिय चतुरिन्द्रिय सैनी है कि असैनी ? (४) अथवा बादर है कि सूक्ष्म (५) बादर और सूक्ष्म जीव कौन २ से हैं उनके नाम भिन्न २ लिखो (६) पर्य्याप्त जीव कौन २ से है (७) अपर्याप्त कौन २ से हैं (८) पांच इन्द्रियें कौन २ सी हैं (९) चौदह प्रकारके जीव कौन २से हैं (१०) चौदह जीवसमास कौन २ से हैं (११) पर्य्याप्ति कितनी हैं (१२) किस २ जीवके कितनी २ पर्य्याप्ति हैं.

१३ वीं गाथा.

(१) अशुद्ध निश्चय नयकी अपेक्षा संसारी जीवोंके कितने भेद हैं (२) मार्गणा गुणस्थानोंके भेदसे जीव १४ प्रकारके होते हैं सो किस नयकी अपेक्षा हैं (२) शुद्धनिश्चयनयकी अपेक्षा जीवके कितने भेद हैं ।

१४ वीं गाथा.

(१) सिद्ध कैसें होते हैं (२) सिद्धोंके आठ गुण कौन२से हैं.

पयडिट्ठिदि. इत्यादि गाथा.

(१) जीवका ऊर्ध्वगमन कब होता है (२) जीव शरीरको छोडकर दूसरी गतिको जाता है तो कौनसी दिशाको जाता है? (३) और कितने मोड़े खाकर अपने ठिकाने पहुंच सक्ता है ?

१५ वीं गाथा.

(१) अजीव द्रव्य कितने हैं उनके नाम लिखो (२) अजीव द्रव्योंमें मूर्ति द्रव्य कौन २ से हैं (३) और अमूर्तिक कौन २ से हैं (४) रूप रस गन्ध और स्पर्श ये ४ गुण कौनसे द्रव्यमें होते हैं.

१६ वीं गाथा.

(१) पुद्गलद्रव्यकी पर्य्याय कौन २ सी हैं (२) 'संस्थान' किसको कहते हैं (३) भेद किसको कहते हैं ?

१७ वीं गाथा.

(१) धर्मद्रव्यका स्वरूप (लक्षण) क्या है (२) धर्मद्रव्य मूर्तिक है कि अमूर्तिक (३) धर्मद्रव्य सर्वव्यापी है कि असर्वव्यापी (४) धर्मद्रव्य जीव पुद्गलको क्या सहायता करता है (५) यदि करता है तो वह सहायता प्रेरणापूर्वक करता है या उदासीनतासे ?

१८ वीं गाथा.

(१) अधर्मद्रव्यका स्वरूप क्या है इत्यादि १७ वीं गाथाकी तरहँ समस्त प्रश्न हो सक्ते हैं.

१९-२० वीं गाथा.

(१) आकाश द्रव्य किसको कहे हैं २ और वह किस किस द्रव्यको क्या क्या सहायता करता है (३) आकाश द्रव्य कै प्रकारका है (४) लोकाकाश कहां-तक है (५) अलोकाकाश कहां है (६) आकाशद्रव्य मूर्तीक है कि अमूर्तीक है (७) सर्वव्यापी है कि असर्वव्यापी (८) काय है कि अकाय है?

२१-२२ वीं गाथा.

(१) व्यवहारकालका लक्षण क्या है (२) निश्चय कालद्रव्यका स्वरूप क्या है (३) निश्चय कालद्रव्य अन्य द्रव्योंको क्या सहायता देता है (४) व्यवहार कालसे द्रव्योंमें क्या परिणाम होता है (५) कालद्रव्य मूर्तीक है कि अमूर्तीक (६) निश्चय कालद्रव्य एक कि अनेक (७) कालद्रव्य सर्वव्यापी है कि असर्वव्यापी (८) कालाणु परस्पर है मिलजाती है कि जुदी २ रहती है.

२३–२४ वीं गाथा.

(१) इन छहों द्रव्योंमें कौन २ सा द्रव्य अस्तिकाय है (२) कालद्रव्य अस्तिकाय है कि अकाय (३) अस्तिकायका लक्षण क्या है ?

२५–२६ वीं गाथा.

(१) किस किस द्रव्यके कितने कितने प्रदेश हैं? (२) कालद्रव्य अस्तिकाय क्यों नहीं है ? (३) पुद्गलका एक परमाणु अस्तिकाय है कि नहीं (४) यदि है तो कौनसी नयकी अपेक्षा है ?

२७ वीं गाथा.

(१) प्रदेश किसको कहते हैं (२) आकाशके कितने बडे खण्डको प्रदेश कहते हैं (३) आकाशकी एक प्रदेश मात्र जगहमें अन्यद्रव्योंके प्रदेश भी रह सक्ते हैं या नहीं ।

२८ वीं गाथा.

(१) आस्रवादि सप्त पदार्थोंके नाम लिखो (२) आस्रवादि पदार्थ जीव हैं कि अजीव ?

२९–३० वीं गाथा.

(१) द्रव्यास्रव किसको कहते हैं (२) भावास्रव किसको कहते हैं (३) भावास्रवके कितने भेद हैं (४) और वे कौन २ से हैं.

३१ वीं गाथा.

(१) द्रव्यास्रवके कितने भेद हैं (२) द्रव्यास्रव किसको कहते हैं (३) द्रव्यास्रव कितने प्रकारके हैं.

३२–३३ वीं गाथा.

(१) बन्धका लक्षण लिखो (२) भावबन्धका स्वरूप क्या है (३) द्रव्यबन्ध किसको कहते हैं (४) बन्ध कै प्रकारके होते हैं उनके नाम लिखो (५) प्रकृति प्रदेशबन्ध काहेसे होते हैं (६) स्थिति और अनुभाग बन्ध काहेसे होते हैं (७) कषायसे कौनसे बन्ध होते हैं (८) योगोंके कारण कौनसा बन्ध होता है.

३४ वीं गाथा.

(१) संवर किसको कहते हैं (२) भावसंवरका स्वरूप क्या है (३) द्रव्यसंवर किसको कहते हैं.

३५ वीं गाथा.

(१) भावसंवर कै प्रकारके हैं (२) भावसंवरके भेद कहो. ३ भावसंवरके विशेष लिखो.

३६ वीं गाथा.

(१) निर्जरा किसको कहते हैं (२) निर्जराका लक्षण कहो (३) निर्जराका स्वरूप कहो (४) निर्जरा कै प्रकारकी है (५) भावनिर्जरा किसको कहते हैं (६) द्रव्यनिर्जराका क्या स्वरूप है.

३७ वीं गाथा.

(१) भावमोक्ष किसको कहते हैं (२) द्रव्यमोक्षका स्वरूप लिखो.

३८ वीं गाथा.

१ जीव पुण्य अथवा पापयुक्त कब होता है २ पुण्यमयकर्म कौन कौनसे हैं ३ पापमय कर्म कौनसे हैं.

३९ वीं गाथा.

(१) व्यवहार मोक्षमार्गका स्वरूप क्या है? (२) निश्चय नयसे मोक्ष मार्ग किसको कहते हैं?

४० वीं गाथा.

(१) वास्तवमें मोक्षका कारण क्या है? (२) आत्माके सिवाय भी दूसरा मोक्षमार्ग है? (३) यदि है तो वह कोनसा है? (४) और वह किस नयकी अपेक्षा है?

४१ वीं गाथा.

(१) सम्यग्दर्शन किसको कहते हैं (२) श्रद्धान नाम काहेका है (३) सम्यग्ज्ञानका लक्षण क्या है (४) मनुष्यका जो सामान्य ज्ञान है वह सम्यग्ज्ञान कब होता है?

४२ वीं गाथा.

(१) सम्यग्ज्ञानका विशेष स्वरूप क्या है (२) सम्यग्ज्ञानके कितने भेद हैं (३) संशय विमोह विभ्रमका स्वरूप लिखो.

४३ वीं गाथा.

(१) दर्शनोपयोगका स्वरूप क्या है (२) सम्यग्दर्शन और दर्शनोपयोग एकही है या भेद है (३) यदि है तो क्या भेद है.

४४ वीं गाथा.

(१) दर्शन ज्ञानके उत्पन्न होनेका क्या नियम है (२) छद्मस्थोंके दर्शनोपयोग पहिले होता है या ज्ञानोपयोग ? (३) केवली भगवान्के दर्शन ज्ञानसे पहिले होता है या पीछें ?

४५ वीं गाथा.

(१) व्यवहारनयकी अपेक्षा चारित्रका लक्षण क्या है (२) व्यवहार चारित्रके कितने भेद हैं (३) इस ग्रन्थमें जो व्यवहार चारित्रका लक्षण कहा है वह मुनिका चारित्र है या श्रावकका ?

४६ वीं गाथा.

(१) निश्चय नयकी अपेक्षा सम्यक्चारित्र किसको कहते हैं. (२) निश्चय चारित्रका लक्षण लिखो (३) यह निश्चयचारित्र मुनिके होता है या श्रावकके ?

४७ वीं गाथा.

(१) ध्यान करनेसे क्या लाभ होता है ?

४८ वीं गाथा.

(१) ध्यानमें किस प्रकार लगना चाहिये (२) ध्यानमें लगनेका उपाय क्या है ?

४९ वीं गाथा.

(१) ध्यानमें कौन २ से मन्त्र जपने चाहिये (२) ध्यानमें जपने योग्य मन्त्र कितने हैं (३) वे मन्त्र कितने २ अक्षरवाले हैं (४) पैंतीस अक्षरोंका मन्त्र कौनसा है उसको शुद्धतापूर्वक लिखो (५) 'ॐ' यह अक्षर पांचों परमेष्ठीका वाचक है या नहीं ? (६) यदि है तो किस २ प्रकार से हैं सो लिखो.

५० वीं गाथा.

(१) अरहन्त परमेष्ठीका स्वरूप क्या है (२) अरहन्त किसको कहते हैं?

५१ वीं गाथा.

(१) सिद्धपरमेष्ठीका स्वरूप क्या है (१) सिद्धपरमेष्ठी कहां रहते हैं ?

५२ वीं गाथा.

(१) आचार्य्य परमेष्ठीका स्वरूप क्या है (५) आचार्य्य किसको कहते हैं ? (३) पांच आचार कौन २ से हैं?

५३ वीं गाथा.

(१) उपाध्यायका स्वरूप क्या है? (२) अरहन्त किसको कहते हैं?

५४ वीं गाथा.

(१) साधुका स्वरूप क्या है (२) मुनिका स्वरूप क्या है (३) साधु किसको कहते हैं?

५५ वीं गाथा.

(१) निश्चय ध्यानका स्वरूप क्या है (२) साधूके निश्चय ध्यानकी सिद्धि कब होती है?

५६–५७–५८ वीं गाथा.

(१) उत्कृष्ट ध्यानका स्वरूप क्या है (२) निश्चय ध्यानका स्वरूप क्या है (३) ५७ वीं गाथामें क्या कहा है (४) अन्तकी गाथाका अर्थ लिखो.

इति प्रश्नावली.

सूचना.

जैनग्रंथरत्नाकरका बंद होना.

विदित हो कि जिस उत्साहसे **'जैनग्रंथरत्नाकर'का** प्रारंभ हुआ था वह आद्यन्त नहिं रहा जिससे जो जो अपूर्व ग्रंथ इसमें प्रकाशित करने विचारे थे वे प्रकाशित नहिं कर पाये बलके **'रत्नकरंडश्रावकाचार'** और **द्रव्यसंग्रहका** प्रकाशित करना मूलनियमके विरुद्ध था तथापि प्रकाशित करके दो अंक बनाने पड़े। इसके अतिरिक्त एक वर्षमें १२ अंक निकालनेकी जगहँ सवा दो वर्ष लगे तथा १२ अंकोंमें जितने फारम देना विचारा था उतने फारम भी नहिं दे सके. सो इन सब अपराधोंके होनेका मूल कारण शक्तिसे अधिक कार्यका प्रारंभ करना है अर्थात् यह महान् कार्य धनाढ्य महाशयोंके अथवा जिनको धनाढ्योंकी पूर्ण सहायता प्राप्त हो उनके करनेका था, वह कार्य हम सरीखे निःसहाय अकिंचनोंके द्वारा प्रारंभ किया हुआ किसप्रकार चल सक्ता है?

यद्यपि इसमें सर्वथा हमारा ही अपराध गिना जा सक्ता है क्योंकि—हमने शक्ति न होनेपर भी तथा जैनहितैषीसरीखे छोटेसे कार्यको तीन चार बार प्रारंभ करकें इसीकारणसे बंद करनेपर भी बिना किसीकी सहायताके ऐसे महान् कार्यको प्रारंभ करदिया। परन्तु क्या किया जाय ऐसे कार्योंके किये बिना कोरे बाबाजी (उदासीन) बनकर बैठे रहनेसे भी तो आपलोग, कापुरुष व प्रमादी अथवा परायेशिर मूंडमुंडाया आदि कहते? इसके सिवाय हमारी २५ इच्छायें भी तो हैं? उनमेंसे दो चार पूरी करनेकी आशासे किसी न किसीप्रकार हाथ पांव हिलाते रहे तो जातिधर्मकी उन्नति करनेमें अग्रगण्य कोई न कोई धनवान् वा अंगरेजीके विद्वान् इस जिनवाणीजीर्णोद्धारके कार्यको भी कदाचित् उन्नति कर समझ लेंगे तो वे हमारे इस कार्यमें अवश्य ही सहायक बन जांयगे अथवा धनवान् और विद्वानोंको यह कार्य किसीप्रकार उन्नतिकर नहीं दीखैगा तो इस जैनग्रन्थरत्नाकरके कमसे कम २०० ग्राहक होजानेसे भी इस कार्यको बराबर चलाते रहैंगे. ऐसे विचारसे ही यह कार्य प्रारंभ करदिया था. और ऐसा विचार करना हमारा अनुचित भी नहीं था क्यों कि मुम्बईसे श्वेताम्बरी भाइयोंकी तरफसे एक **'रायचन्द्रजैनशास्त्रमाला'** नामकी द्विमासिकपुस्तक प्रकाशित होती है उसके बातकी बातमें ३५० ग्राहक श्वेताम्बरी दिगम्बरी दोनों भाई होगये हैं.

और दानवीर शेठ **माणेकचंद पानाचंदजी** आदिने सैकडों रुपयोंकी सहायता दी हैं तो हमको सहायता क्यों न मिलैगी? तथा हमारे **'जैनग्रंथरत्नाकरके'** कमसे कम २०० ग्राहक क्यों न होंगे? परन्तु हमारा ऐसा विचारना सर्वथा भूल भरा था क्यों कि आजतक न तो किसी धनवानसे हमें किसीप्रकारकी सहायता मिली और न किसी विद्वानसे ही सहानुभूति प्राप्त हुई, बल्के धनवानोंने तो हमारे इस कार्यमें एकप्रकारसे उल्टा विघ्न ही डाला। रही ग्राहकोंकी आशा सो खेदके साथ प्रगट करना पडता है कि–२॥ वर्षमें हजारों विज्ञापन बांटनेपर भी आज-तक कुल ३९ ग्राहक हुये हैं किन्तु उसके विरुद्ध ५० ग्राहक ऐसे हैं कि जिनसे हम किसीप्रकार भी मूल्य लेना उचित नहीं समझते और प्रत्येक ग्रंथकी एक एक प्रति अवश्य ही देनी पडी है और भविष्यतमें भी देनी पडैगी। इसी बीच-स्याद्वादपाठशालाकाशीकी स्थापनाके लिये भी इस कार्यको पांच महीनेतक बंद रख नेका विघ्न आ पड़ा जिससे अचिंतनीय आर्थिक हानिभी उठानी पड़ी। और जवतक विद्योन्नति चाहनेवाले दानवीरोंकी तथा विद्वानोंकी दृष्टि स्याद्वादपाठशालाकी ओर आकर्षित न हो और स्थायी प्रबंध न हो जाय तवतक फिर भी प्रतिवर्ष दो चार महीने उसकी सेवामें यह कार्य छोडना पडेगा नहीं तो उसके मुख्य प्रबंध कर्त्ता गण अपनी विमलबुद्धिसे स्याद्वादपाठशालाको मेरे घरका अथवा मेरे अकेलेका ही कार्य समझ **"भुसमें चिनगी डार जमालो दूर खडी"** आ-दिकी कहावतोंसे कटाक्ष करते रहेंगे. ऐसी अवस्थामें लाचार होकर **'जैनग्रन्थ-रत्नाकरका'** प्रतिमास ८ या दश फारमका अंक निकालना बंद किया जाता है और अपने अनुग्राहक ३९ ग्राहक महाशयोंसे प्रार्थना कियी जाती है कि इन दो वर्षोंमें जैनग्रन्थरत्नाकरकी ग्राहकीके संबंधसे जो जो हमारे अपराध हुये हों अवश्य ही क्षमा करेंगे।

यद्यपि इस समय प्रायः निरुत्साह होगये है तथापि उपाय किया जाता है यदि दो चार महीनोंमें किसी धनाढ्य महाशयकी मति पलट गई और हजार बारहसौकी सहायता मिलगई तब तौ यह शरीर फिर भी जिनवाणीमाताकी सेवामें विशेषरूपसे लग जायगा. अन्यथा अपने सांसारिक कार्यमें तौ लगाही है।

३–३–१९०६ ई.

क्षमाप्रार्थी—

जैनजातिका हितैषी दास—

पन्नालाल बाकलीवाल.